कार्यालय - प्राचार्य, शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया
जिला - राजनांदगांव (छ.ग.)
Website - chhuriacollege.com Email chhuriacollege@gmail.com Phone&Fax – 07745 – 299273

दिनांक 19.07.2023

# छुरिया महाविद्यालय में वृक्षारोपण कार्यक्रम

शासकीय रानी सूर्यमुखी देवी महाविद्यालय छुरिया में आज दिनांक 19.07.2023 को वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन रखा गया है जिसमें महाविद्यालय के संस्था प्रमुख प्राचार्य सम्मानीय डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) एवं IQAC के प्रभारी डॉ. राजेन्द्र शर्मा व NAAC प्रभारी डॉ. एच.एस. भाटिया, एवं महाविद्यालय के जनभागीदारी विकास समिति के अध्यक्ष सम्मानीय श्री डुमेश्वर साहू, समिति के सदस्य श्री रितेश जैन, श्री ललित कुमार साहू, शशि कुमार खिलारी, चित्र कुमार पाल, N.S.S. ईकाई के स्वयं सेवक और N.C.C. ईकाई के कैडेटो द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण कर वृक्षारोपण कार्यक्रम किया गया।

संस्था सिरोमणी प्राचार्य डॉ. सुषमा चौरे (नेताम) ने अपने अभिकथन में कहा की आजादी का अमृत महोत्सव के ''**मेरी माटी मेरा देश**'' अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में पौधरोपण कार्य किया गया। हमारे महाविद्यालय में प्रतिवर्ष वृक्षारोपण कार्यक्रम करते है लेकिन उसके रखरखाव भी हमारी ही जिम्मेदारी है, वृक्ष से हमें विभिन्न प्रकार के लाभ की प्राप्ति होती है, जैसे फल, फूल, छाया, शुद्ध वायु और विश्व में ग्लोबल वार्मिग जैसी समस्याओं का निदान भी वृक्ष ही है। हम सभी को वृक्षारोपण जैसे कार्यक्रम में बढ़ चढ़कर भाग लेना चाहिए। ताकि हमारे राज्य एवं देश का वन प्रतिशत में वृद्धि हो और हम सभी को स्वच्छ, शुद्ध वायु की प्राप्ति हो और प्रकृति का संतुलन बना रहे।

इसी कड़ी में IQAC के प्रभारी डॉ. राजेन्द्र शर्मा, ने अपने अभिकथन में कहा की पृथ्वी पर वृक्षों का बहुत अधिक महत्व है, बिना वृक्षों के पृथ्वी में जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती हमें वृक्षों के महत्व को स्वयं समझना एवं लोगों को भी वृक्षों के महत्व को समझाते हुए उन्हे वृक्षारोपण हेतु प्रेरित करना है।

इसी कड़ी में जनभागीदारी समिति के अध्यक्ष श्री मान डुमेश्वर साहू ने कहा कि वृक्षारोपण जैसे कार्य हमारे पर्यावरण संतुलन बनाये रखने के लिए अति आवश्यक है हमें वृक्षों की कटाई पर प्रतिबंध लगाना चाहिए। हमारे देश की प्राकृतिक संपदा का समुचित दोहन करने के साथ–साथ उन सभी प्राकृतिक संपदाओं का संरक्षण भी प्रत्येक नागरिक का परम कर्तव्य होना चाहिए।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के श्री उष्यंत कुमार चनाप एन.सी.सी. प्रभारी, श्री नरेन्द्र कुमार उमरिया, एन.एस.एस. प्रभारी, सुश्री दीपिका ध्रुर्वे, एन.सी.सी. केयरटेकर (महिला), सुश्री प्रीतिबाला ठाकुर सहायक प्राध्यापक (प्राणीशास्त्र) व श्री विनय चौरे, सहायक प्राध्यापक (अंग्रेजी), श्री ए.के. रामटेके सहायक ग्रेड 02 एवं महाविद्यालय के समस्त स्टाफ, व महाविद्यालय के N.S.S. ईकाई के स्वयं सेवक और N.C.C. ईकाई के सभी कैडेटों के द्वारा महाविद्यालय परिषर में वृक्षारोपण किया गया।

डॉ.सुषमा चौरे (नेताम)
प्राचार्य